संख्या : 21/2017/271/छप्पन-2017-95/2012

प्रेषक,

डा0 सत्य प्रकाश तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक : 07 मार्च, 2017

विषय: कैप्टन प्रज्ञेश मिश्र को मैसर्स हैट्स आफ ट्रेनिंग प्रा0 लि0, बैंगलौर में बेल-412 हेलीकॉप्टर के सिमुलेटर पर पी0पी0सी0 चेक सम्पादित कराया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 80/ना0उ0नि0/आप्स-17/2016, दिनांक : 31.10.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कैप्टन प्रज्ञेश मिश्र को मैसर्स हैट्स आफ ट्रेनिंग प्रा0लि0, बैंगलौर द्वारा बिल बेसिस पर बेल-412 हेलीकॉप्टर के सिमुलेटर पर पी0पी0सी0 चेक पूर्ण करने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति, प्रशिक्षण व्यय के रूप में कुल रूपये 1,05,762-00 (रूपये एक लाख पॉच हजार सात सौ बासठ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति तथा पी0पी0सी0 चेक सम्पादन हेतु श्री प्रज्ञेश मिश्र को दिनांक 02 नवम्बर, 2016 को बंगलौर जाने की अनुमति प्रदान की जानी है। अतः राज्यपाल महोदय कैप्टन प्रज्ञेश मिश्र को मैसर्स हैट्स आफ ट्रेनिंग प्रा0लि0, बंगलौर में पी0पी0सी0 चेक सम्पादित कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति, इस प्रयोजन के लिये रूपये 1,05,762-00 (रूपये एक लाख पॉच हजार सात सौ बासठ मात्र) का भुगतान प्रशिक्षणदाता फर्म को बिल बेसिस पर करने हेतु वित्तीय स्वीकृति और प्रश्नगत प्रयोजन हेतु श्री प्रज्ञेश मिश्र द्वारा दिनांक 02.11.2016 को की गई बैंगलौर यात्रा की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त स्वीकृत धनराशि का प्रशिक्षणदाता फर्म को भुगतान बिल बेसिस पर उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये बिल के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।

3- प्रश्नगत व्यय/भुगतान समस्त वित्तीय नियमों/आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार किया जायेगा।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अनुदान संख्या 38 के आयोजनेत्तर पक्ष के लेखा शीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-114-वाहन का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-04-यात्रा व्यय" से यथास्थिति वहन किया जायेगा/ नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

संख्या: 21/2017/271(1)/छप्पन-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
5. मैसर्स हैट्स आफ ट्रेनिंग एकेडमी प्रा0लि0, बैंगलौर।
6. सम्बन्धित अधिकारी।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।